राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 02.10.2018

आयोग द्वारा दिनांक 07.10.2018 (रविवार) को उप निरीक्षक पुलिस प्रतियोगी परीक्षा 2016, दो सत्रों में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे एवं दोपहर 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र अपलोड कर दिये गये है।

जिन अभ्यर्थियों ने SSO ID के माध्यम से आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी **https://sso.rajasthan.gov.in** पर लॉगिन कर Recruitment portal का चयन कर प्रवेश–पत्र डाउनलोड करें। साथ ही जिन अभ्यर्थियों ने SSO ID के माध्यम से पुनः आवेदन नहीं किया, वे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से प्रवेश–पत्र डाउनलोड करें एवं परीक्षार्थियों हेतु मुख्य अनुदेश भी वेबसाइट से डाउनलोड कर अवलोकन करें।

अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से दो घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें। उक्त परीक्षा हेतु सभी अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र परिवर्तित किये गये है। आवंटित परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह का परिवर्तन नहीं किया जावेगा।

(दीप्ति शर्मा)
संयुक्त सचिव